an>

Title: Need to lay sewar line at various locations to solve the problem of Water-logging in Bahraich Parliamentary Constituency.

साध्वी सावित्री बाई फूले (बहराइच) : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र बहराइच के अंतर्गत घसियारिपुर सालों-साल बरसात के पानी में डूबा रहता है। हर गली में पानी भरा रहता है, पानी का निकास कहीं नहीं है, पानी के निकास न होने के कारण छात्र-छात्राओं को स्कूल आने जाने में दिक्कत होती है। बीमारियों का प्रकोप बना रहता है। करोड़ों रुपये का खर्च है, इसलिए धन के अभाव के कारण जिला प्रशासन, सांसद व विधायक पानी निकालने में अक्षम हैं। ऐसी स्थिति में सिवर के माध्यम से इन मोहल्लों का पानी निकाला जा सकता है। यही स्थिति विकासखंड मैनपुरवा के मैनपुरवा बाजार की है। बगैर सिविर लगाए पानी का निकास नहीं हो सकता है। मैं घसियारिपुर, बक्शीपुर, मिहिनपुरवा बाजार का पानी निकालने के लिए जिला प्रशासन से कार्य योजना तैयार कराकर, विशेष पैकेज देकर, सिविर के माध्यम से पानी निकालने की मैं सरकार से मांग करती हूं।